वर्ष-01, अंक-135
छपरा
बुधवार 13 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# पीएम मोदी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

## अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ की योजनाओं का किया इनॉगरेशन

### साबरमती में कोचरब आश्रम का उद्घाटन,मास्टर प्लान का शुभारंभ

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ रुपए की रेल प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया। उन्होंने देशभर के विभिन्न राज्यों से चलने वाली 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने साबरमति आश्रम में कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया और गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा- पूज्य बापू का ये साबरमती आश्रम हमेशा से ही एक अप्रतिम ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है। जब-जब यहां आने का अवसर मिलता है, तो बापू की प्रेरणा हम अपने भीतर स्पष्ट रूप से अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा- आज 12 मार्च की ऐतिहासिक तारीख भी है। आज के ही दिन बापू ने स्वतंत्रता आंदोलन की धारा को बदला और दांडी यात्रा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई। सत्य-अहिंसा के आदर्श हों, राष्ट्र आराधना का संकल्प हो या गरीबों-वंचितों की सेवा करते हुए नारायण के दर्शन की भावना हो, साबरमती आश्रम आज भी बापू के इन मूल्यों को जीवित रखे हुए है।

**50 दिनों में 1 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे :**मैं काशी का उदाहरण देता हूं। वहीं, 10 साल पहले क्या हालत थी, यह सभी जानते हैं। आज की हालत आप देख सकते हैं। आज वहां अनेक प्रकार की सुविधाएं खड़ी हो गई हैं। दो साल में 12 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु काशी आए हैं। इसी तरह अयोध्या में हमने 200 एकड़ जमीन को मुक्त कराया। आज वहां कई सुविधाएं खड़ी कर दी गई हैं। इसी के चलते पिछले 50 दिनों में ही 1 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। गुजरात ने कई धरोहरों को संरक्षित किया है। मैंने आजादी से जुड़े स्थानों के विकास के लिए अभियान शुरू किया था। दिल्ली राजपथ ने अपना यह कर्तव्य भी निभाया है। एकतानगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण हो चुका है। अब साबरमती आश्रम का विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरु-डॉ एमजीआर सेंट्रल (चेन्नई), पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी - सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु, रांची-वाराणसी, खजुराहो-दिल्ली (निज़ामुद्दीन) रूट पर चलेंगीं। इस मौके पर क्क्रू मोदी ने कहा, %मैं देश को यह गारंटी दे रहा हूं कि अगले पांच साल में आप भारतीय रेल का ऐसा काया कल्प होते देखेंगे जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी। 10 साल का काम अभी तो ट्रेलर है, मुझे तो और आगे जाना है। इस मौके पर क्क्रू मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यहां पर बड़ी संख्या में युवा आबादी रहती है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आज जो उद्घाटन यहां हुए वे आपके वर्तमान के लिए हैं और जो नींव रखी गई हैं वे आपके सुनहरे भविष्य की गारंटी देती हैं। उन्होंने कहा, %आजादी के बाद जो सरकार आई उसने राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी। भारतीय रेलवे उसका बड़ा विक्टिम रहा। सबसे पहले मैंने जो काम किया था, वह था रेलवे को राष्ट्रीय बजट में शामिल करना। इसकी वजह से सरकार के फंड अब रेलवे के विकास में काम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 700 से ज्यादा स्थान पर लाखों लोग इस कार्यक्रम में जुड़े हैं। विकसित भारत के लिए हो रहे नव निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है। दशकों से मांग थी की माल गाड़ियों के लिए अलग ट्रैक होने चाहिए, लेकिन कांग्रेस के राज में यह प्रोजेक्ट लटकता, भटकता और अटकता रहा। इसके अलावा क्क्रू रेलवे स्टेशनों पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र देश को समर्पित किआ। ये जन औषधि केंद्र लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा पीएम ने देश को 51 गतिशील मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल भी समर्पित किया। यह टर्मिनल परिवहन के विभिन्न तरीकों के बीच माल की निर्बाध आवाजाही को बढ़ावा देगा। पीएम ने साबरमती आश्रम में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया। यह 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद महात्मा गांधी द्वारा स्थापित पहला आश्रम था। इसे गुजरात विद्यापीठ द्वारा एक स्मारक और पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षित किया गया है। पीएम ने मोदी गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान को भी लॉन्च किया। इस मास्टर प्लान के तहत, आश्रम के वर्तमान पांच एकड़ क्षेत्र को 55 एकड़ तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर 36 वर्तमान भवन का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिनमें से %हृदय कुंज% सहित 20 भवनों को संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा 13 का जीर्णोद्धार किया जाएगा और 3 का पुनरुद्धार किया जाएगा।

#### 5 एकड़ में सिमट गया था साबरमती आश्रम

अभय घाट में अपने संबोधन में उन्होंने कहा- साबरमती आश्रम 120 एकड़ में फैला था, जो धीरे-धीरे अतिक्रमण के चलते 5 एकड़ जमीन में सिमट गया था। एक समय यहां छोटे-बड़े 63 घर बन गए थे। हमने यहां की 55 एकड़ जमीन मुक्त करवाई। पहले की सरकारों ने यहां की विरासत को बचाने की कोशिश ही नहीं की। इसका कारण उनकी तुष्टीकरण की नीति थी। इसी के चलते हमारे देश की महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती चली गई। अतिक्रमण, अस्वच्छता और अव्यवस्था ने हमारे देश की महान विरासत को घेर रखा था, जिसे मुक्त कराने का हमारा अभियान जारी है।

## छात्राओं से छेड़खानी का मामला पकड़ा तूल

# बेतिया एसपी से बोली-शिक्षक मांगते हैं मोबाइल नंबर, चॉक से गाल पर लिखते हैं

**बेतिया, एजेन्सी।** बेतिया में छात्राओं से छेड़खानी करने का मामला अब तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को मध्य विद्यालय नरकटियागंज के चार छात्राओं ने बेतिया एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। छात्रों ने एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा पढाई के दौरान अश्लील हरकतें की जाती हैं। कभी शिक्षक छात्रों के गाल पर खल्ली से कुछ लिख देते हैं। तो कभी खल्ली चलाकर उनके शरीर पर मार देते है। छात्राओं से उक्त शिक्षक उनका मोबाइल नंबर मांगते हैं और नहीं देने पर विद्यालय से नाम काटने की धमकी देते हैं।

छात्राओं ने एसपी को बताया है कि उक्त शिक्षक की शिकायत जब हमलोग प्रधान शिक्षक संजय कुमार बैठा से किए तो प्रधान शिक्षक उल्टे छात्राओं को डांटने लगे। बोले कि अगर पढ़ना है तो पढ़ो, नहीं तो नाम कटवाकर घर जाओ।

छात्राओं ने बताया कि 5 मार्च को जब परिजन शिकायत करने के लिए विद्यालय पहुंचे तो प्रभारी एचएम शिकायत न सुनते हुए उल्टे परिजनों से उलझ गए और पुलिस को बुला लिया। आवेदन में छात्राओं ने बताया है कि प्रभारी एचएम अपने पद का दुरुपयोग कर शिकारपुर थाना में मारपीट, सरकारी कार्यों में बाधा तथा दलित उत्पीड़न का केस कर उनके परिजनों तथा गांव के लोगों को झूठे केस में फंसा दिया है। छात्राओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



### एसपी अमरकेश डी ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है, जांच कर रहे हैं।

मालूम हो कि 5 मार्च को शिक्षक और ग्रामीणों के बीच हुए बवाल में पुलिसवालों को भी चोटें लगी थी। मामले में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार बैठा ने एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें माल्दा गांव निवासी रामबाबू कुशवाहा, विद्यार्थी पासवान, बिट्टू तिवारी, कोचिंग संचालक सिसई गांव निवासी हीरा शर्मा, मल्दी गांव निवासी कृपा साह, शमशाद अंसारी, राजकुमार, निशु अंसारी समेत 10 अज्ञात लोगों को आरोपित किया था।

# रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी:पैसेंजर ओर मेमू का अब लगेगा सामान्य रेल भाड़ा

## अब तक लग रहा था एक्सप्रेस का किराया

**गया,एजेन्सी।** पैसेंजर और मेमू ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी। अब उन्हें एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। हालांकि यह आदेश 11 दिन पहले रेलवे बोर्ड की ओर से जारी कर दिया गया था, लेकिन पंडित डीडीयू रेल मंडल की ओर से इस बाबत मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के जारी होते ही बुधवार की सुबह से यह प्रभावित हो जाएगा। मसलन अब पैसेंजर और मेमू ट्रेनों के रेल यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। अब गया से पटना 25 रुपए में ही पहुंच जाएंगे। इससे पूर्व वे गया से पटना के लिए 50 रुपए किराया भाड़ा दे रहे थे। यह समस्या कोरोना काल से ही चली आ रही थी।

**यात्रियों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी :** अब गया से पटना के लिए सभी मेमू ट्रेनो में 25 रुपये भाड़ा निर्धारित रहेगा। पहले दो मेमू ट्रेन छोड़कर शेष सभी मेमू में एक्सप्रेस ट्रेन का भाड़ा 50 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। स्पेशल ट्रेन के नाम पर पूर्व में लिए जा रहे 30 रुपये के स्थान पर अब 10 रुपये ही किराया देना होगा। सामान्य ट्रेन घोषित हो जाने से न्यूनतम किराया 10 रुपया जारी कर दिया गया है। इससे गरीब गुरबो व अन्य यात्रियों ने काफी राहत की सांस ली है। दैनिक रेल यात्री संघ के रवि रंजन और उदय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे बोर्ड के घोषणा के बावजूद स्पेशल ट्रेन का सामान्य भाड़ा लागू नहीं किए जाने से रेलवे बोर्ड के प्रति खीझ हो रही थी। लेकिन अब आदेश को प्रभावी कर दिया गया है। इस आदेश से पैसेंजर व मेमू के यात्रियों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी।

# बगहा में टीचर नाबालिग संग फरार

## 11वीं क्लास में पढ़ती है छात्रा, दो बच्चों का पिता है कोचिंग संचालक

**बगहा (वाल्मिकीनगर)**बगहा में एक शिक्षक नाबालिग छात्रा के साथ फरार हो गया। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने पटखौली थाने में शिकायत कर बेटी की खोजबीन की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि टीचर के दो बच्चे भी है।

शिक्षक पर नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगा है। बताया जाता है कि नाबालिग 6 मार्च को घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। इसके बाद उसके परिजन कोचिंग पहुंचे और बेटी की जानकारी ली। पता चला कि लड़की नहीं है और कोचिंग संचालक दीपू गोंड (30) भी गायब है।

**दो बच्चों का पिता हैं कोचिंग संचालक :**पटखौली थाना क्षेत्र के गरकट्टी गांव में दीपू गोंड जीनियस चिल्ड्रन एकेडमी नाम से एक कोचिंग चलाता है। इसी कोचिंग में लड़की पढ़ने आती थी। दीपू की 5 वर्ष पहले शादी हुई थी और उसके दो बच्चे भी हैं।

वहीं लड़की नाबालिग है और उसकी उम्र 16 वर्ष बताया जा रहा है। लड़की की मां ने बताया कि बेटी 11वीं की छात्रा है और दीपू के कोचिंग में पढ़ने के लिए जाती थी।

**घर से बुलाकर ले गया था आरोपी का भाई** लड़की की मां ने बताया कि 6 दिन पहले शाम के समय दीपू का भाई मेरे घर आया था और लड़की को बुलाकर ले गया। इसके बाद से लड़की गायब हो गई। इसे लेकर थाने में आवेदन दिया गया है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

पटखौली के थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



# जई छपरा-मठनपुरा वाया गोड़ा ग्रामीण सड़क निर्माण सांसद सिग्रीवाल ने किया शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मूर्त रूप देने में जुटे हुए हैं। यह बात प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत एकमा विधान सभा क्षेत्र के मांझी प्रखंड के जई छपरा-मठनपुरा वाया गोड़ा लगभग 55 किमी लम्बी ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि लगभग तीन करोड़ 34 लाख रूपए की अनुमानित राशि से प्रस्तावित ग्रामीण सड़क के निर्माण से क्षेत्रीय गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास का पर्याय है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश चहुंमुखी विकास की तरफ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर देश का मान-सम्मान बढ़ा है। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति में उलझा



हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन भाजपा मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विभूति नारायण तिवारी ने किया।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदामा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, विभूति नारायण तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह समाज, गौरव सिंह किशन, विक्की सावन, महंत घनश्याम गिरी, मुखिया मनीष कुमार सिंह, शैलेन्द्र उपाध्याय, सोहन सिंह, मोहन पांडेय, सूर्यनंदन शाही, शशि रंजन सिंह, आदित्य कुमार दुबे, मंजेश पाठक, सुजीत कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, प्रमोद सिंह, बनारसी प्रसाद, अशोक वर्मा, चितरंजन सिंह, निरोज सिंह, अभय मिश्रा, परमात्मा राम, अजय मांझी सुनील पाण्डेय, विश्वाजीत पाण्डेय, लालू पाण्डेय, स्वामीनाथ यादव, सत्यजीत पाण्डेय, अवधेश राम आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।




## सड़कों व छठ घाटों समेत सात विकास योजनाओं का एकमा विधायक ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विधायक निधि से निर्मित सड़कों व छठ घाटों समेत अन्य सात विकास योजनाओं का उद्घाटन विधायक श्रीकांत यादव ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छठ घाटों व सड़कों का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को छठ पूजा के दौरान अर्ध्य देने व सुदूर क्षेत्र के गांवों में आवागमन करने में सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर एकमा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर विधायक श्रीकांत यादव ने एकमा प्रखण्ड क्षेत्र के चनचौरा व फुचटी कला गांवों में छठ घाटों और माने, धनौती, छपिया, बेतवनिया,परसा-तिलकार आदि गांवों की सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने पर उसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान मिलजुल कर लिया जायेगा।इस अवसर पर राजद नेता अवधेश यादव, सुभाष प्रसाद यादव, जितेन्द्र यादव, उमाकांत यादव, अनिल यादव, अधिवक्ता राम नारायण राय, पूर्व मुखिया सुबा यादव, पूर्व मुखिया अशोक कुमार राय, अरविन्द कुमार सिंह, अहमद अली, दीपक कुशवाहा, उमेश कुमार साह, राजेश गिरि, श्री भगवान राय, बिपिन कुमार शर्मा, राजकुमार मांझी, संजय गुप्ता, सुरेन्द्र पांडेय, शिव शंकर महतो समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## युवती के शव बरामदगी मामले में आया नया मोड़

### युवती के दादा ने दर्ज करायी अपहरण व हत्या की प्राथमिकी

**परसा(सारण)।** गत दिनो चांदपुरा तालाब से किशोरी के शव की बरामदगी मामले में अब नया मोड़ आ गया है।किशोरी के दादा वीर कुवारी निवासी सुकदेव राय ने परसा थाना में प्राथमिकी दर्ज करा अपने पट्टीदार पर ही अपहरण कर हत्या किए जाने के बाद शव को तालाब से फेकने का आरोप लगाते हुए नामजद किया है ।

प्राथमिकी में कहा है कि बीते नव मार्च को आठ बजे रात्रि में ही मनीषा की अपहरण कर हत्या किए जाने के बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से चांदपुरा तालाब में फेक दिया गया था।जो ग्यारह मार्च को मछुआरों द्वारा मछली मारने के दौरान तालाब में उसका शव पाया गया।दादा ने कहा है कि पुरानी दुश्मनी को लेकर एक सप्ताह पूर्व भी पटीदार द्वारा पोती मनीषा को उठा लेने की धमकी भी दी गई थी। मनीषा की अपहरण फिर हत्या के मामले में पट्टीदार छोटेलाल राय सहित पत्नी पुत्री को नामजद आरोपित किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी की हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### दरवाजे के सामने खड़ी बोलेरो की चोरी

एकमा ( सारण )। रसूलपुर थाना क्षेत्र के बलिया गांव निवासी राजकुमार पटेल के मकान के मुख्य दरवाजे के सामने खड़ी उनकी बोलेरो को अर्द्ध रात्रि में चोर लेकर फरार हो गए। इस संबंध में बलिया गांव निवासी वाहन मालिक राजकुमार पटेल के द्वारा रसूलपुर थाने में केस दर्ज कराया गया है। इस मामले की जांच-पड़ताल पीटीसी खगेश कुमार के द्वारा की जा रही है। इस मामले में अबतक न किसी संदेही अपराधी गिरफ्तारी हो पायी है और ना ही चोरी गयी बोलोरो वाहन की बरामदगी हो पायी है।

## परसा में रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य हुआ प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर, परसा(सारण)।** हर घर तक रसोई गैस पाइपलाइन की योजना ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूर्त रूप लेने लगी है। मंगलवार को नगर पंचायत परसा बाजार क्षेत्र सैदपुर पोझी वस्ती पेट्रोल पम्प के समीप इंडियन गैस पाइपलाइन वितरण केंद्र की नींव रखी गई एवं रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के बाद नारियल फोड़कर कर किया गया।भूमि पूजन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह उर्फ भूलन सिंह,वार्ड पार्षद सुनील राय,सहायक प्रबंधक मनोज मीणा,योगेंद्र सिंह,जिला विस्तारक दिलीप कुमार, सोनू सिंह, सुमंत बाबा,अमित सिंह,सरोज सिंह,शैलेश गिरी,अनिल कुमार सिंह,चंदन सिंह,राकेश राय,जेई गौतम कुमार,अजय नाथ पूरी,विकास कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर उदघाटन किया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर घर के किचन तक जल्द ही गैस पाइपलाइन से गैस पहुंचेगी।इस महत्वाकांक्षी योजना को साकार होते देख लोगों में हर्ष है।नगर क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रुडी के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है रसोई गैस पाइपलाइन बिछ जाने से गैस सिलेंडर लाने व ले जाने का झंझट एवं इंतजार से मुक्ति मिल जाएगी। सहायक प्रबंधक मनोज मीणा ने बताया कि प्रथम चरण में परसा बाजार सहित आसपास के रेडियस वाले क्षेत्र में मुख्य एवं शाखा पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाएगा।फिर दूसरे चरण में कार्य का विस्तार किया जाएगा।मौके योगेंद्र सिंह,जेई गौतम कुमार,मोहन गिरी,मोनू सिंह,सोनू सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




## गैस पाइप लाइन सब स्टेशन का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर, दरियापुर(सारण)** प्रखण्ड क्षेत्र के सैदपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के प्रांगण में गैस पाइप लाइन का सब स्टेशन का उद्घाटन पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने किया इस मौके पर कहा कि पूरे परसा विधान सभा क्षेत्र के हर गांव से लेकर प्रत्येक घर तक रसोई गैस पाइप से पहुंचाने का जो संकल्प स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी ने किया है, उस दिशा में कार्य की नींव रख दी गई है। पुरे जिले में यह कार्य द्रुतगति से चल रहा है। लोक सभा विस्तारक दिलीप सिंह ने कहा कि हमारे सांसद ने जिले में विकास की एक बड़ी इबारत लिखी है जो काबिले तारीफ है साथ ही विकास के साथ साथ जन जन की कोई व्यक्तिगत समस्या या परेशानी में हो और उनके तक बात पहुंच गई तो वह उसके समस्या के निदान के लिए कोई न कोई रास्ता जरूर निकाल कर जन प्रिय नेता बन गये है। इस अवसर परसा विधान सभा विस्तारक भगवान सिंह,चंदन सिंह,योगेन्द्र सिंह,निरंजन शर्मा, अनिल सिंह,अजय पूरी,सुजीत कुमार उर्फ मुन्ना ने अपने विचार को रखा। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भुलन सिंह व धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह ने किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में शिरकत करने वालो में बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव व आईओसीएल के अधिकारीगण समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



## महम्मदपुर गांव में गोल्डेन कार्ड का हुआ वितरण

**दैनिक खोज खबर दरियापुर(सारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में 84 महिला पुरूषों के बीच गोल्डेन कार्ड वितरण किया गया। इस कार्ड से पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज कराया जा सकता है, साथ ही यह कार्ड बिहार के ही हॉस्पिटल तक ही इलाज होगा ।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह ने कहा कि गोल्डन कार्ड गरीबो के लिए बरदान है जो बिना कोई कर्ज लिए पांच लाख तक मुफ्त में इलाज करा सकते है। वही भाजपा नेता सुजीत कुमार उर्फ मुन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी जिले के उत्थान से लेकर आमजनों के हित मे लगातार कार्य कर रहे है। इस अवसर पर लोक सभा विस्तारक दिलीप सिंह,परसा विधानसभा विस्तारक भगवान सिंह, धनञ्जय चतुर्वेदी तथा मुकेश सिंह सहित अन्य ने अपनी बात रखी।

## मारपीट की घटनाओं में 16 लोग हुए घायल

**एकमा (सारण) ।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में आठ महिलाओं समेत 16 लोग घायल हो गए। घायलों में हंसराजपुर गांव के बिट्टू सिंह, जामुनी अमनौर गांव के शोभा मांझी, हीरामती देवी, चड़वां गांव की नजराना खातून, शकीला खातून, सुमीरन खातून, बेलदारी गांव के श्रीराम साह, शीतलपुर गांव के अजित कुमार यादव, जैतपुर गांव के इमामुद्दीन सांई, गुलजहां खातून, अजमेरी बीबी, चन्दउपुर गांव के शिव नन्दन मांझी, जलेबी देवी, ज्योति देवी, सलमावती देवी, उमेश कुमार पासवान समेत 16 लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। इस मामले अबतक किसी नामजद प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### दो चोर सहित तीन गिरफ्तार

**परसा(सारण)।** परसा पुलिस ने शंकरडीह वस्ती में बीते दिनो आटा चक्की दुकान से हजारों रूपये के समान की चोरी मामले दो अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दो अप्राथमिकी अभियुक्त में पोझी गांव निवासी विकास कुमार,नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।जबकि इस मामले में दो लोगो की पूर्व में गिरफ्तारी कर ली गई है । वही परसा मथुरा वस्ती से दारू धंधेबाज सजीत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

**लाभार्थी का सत्यापन कार्य में जुटे पूर्व विधायक: डोरीगंज(सारण)।** गरखा विधानसभा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी के नेतृत्व में गरखा पश्चिमी मंडल के साधपुर शक्ति केंद्र अंतर्गत ग्राम साधपुर,फुलवरिया एवम चकिया में बूथ संख्या 229,230 और 231में लाभार्थी का सत्यापन कार्य बीते चार दिनों से लगातार चल रहा है।इस सत्यापन कार्य में पूर्व विधायक के साथ हरिशंकर मांझी, सुदर्शन राम, उमेश कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्तागण साथ रहे।



## सेविकाओं को दी गई ट्रेनिंग

**दैनिक खोज खबर लहलादपुर(सारण)।** आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों को हर हाल में सभी सुविधायें मिलनी चाहिये। पोषाहार का लाभ लेने वाले लाभुकों को भी सही मात्रा में टीएचआर मिले। ये बातें प्रभारी सीडीपीओ ममता कुमारी ने सेविकाओं से सीडीपीओ कार्यालय के सभागार में कही। सीडीपीओ ने हिदायत दिया की आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर गायब रहने वाली सेविकाओं की खैर नहीं। पोषण ट्रैकर ऐप पर कार्य करने के लिये सेविकाओं को ट्रेनिंग दी गयी। सीडीपीओ ने सेविकाओं को बताया की आंगनबाड़ी केंद्र की सभी गतिविधि रोजाना पोषण ट्रैकर ऐप में ऑनलाइन इंट्री करनी है। बच्चों की उपस्थिति बनाने, नाश्ता व खाना सहित अलग अलग एंगल से करीब आधा दर्जन फोटो पोषण ट्रैकर ऐप में इंट्री करनी है। इससे पहले ट्रेनिंग कैंप का विधिवत उदघाट्न किया गया। ट्रेनिंग कैंप में करीब बावन सेविकाओं को ट्रेनिंग दी गयी। ट्रेनर के रुप में एलएस संगीता कुमारी मौजूद रही।

## डॉ.सी.वी.रमण विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव ख्स्पर्धा-2024 का शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर, वैशाली।** भगवानपुर स्थित डॉ0 सी0 वी0 रमण विश्वविद्यालय में 12 मार्च 2024 से वार्षिक खेल महोत्सव ख्स्पर्धा-2024ङ्क का आयोजन किया जा रहा है.वार्षिक खेल के अंतर्गत इस वर्ष इंडोर तथा आउटडोर खेलों का आयोजन किया जा रहा है.इंडोर के अंतर्गत शतरंज, कैरम एवं टेबल टेनिस तथा आउटडोर के अंतर्गत क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल तथा मैराथन दौड़ इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है.खेल उत्सव का शुभारंभ डॉ0 सी0 वी0 रमण विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 ब्रिजेश सिंह के द्वारा किया गयाम्इस मौके पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है.यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने एवं सामरिकता का अभ्यास करने में सहायक होती हैम्कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई. तत्पश्चात क्रिकेट के दोनों टीमों से परिचय के बाद कुलसचिव डॉ0 ब्रिजेश सिंह के द्वारा टॉस किया गया. इस मौके पर विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण प्रो0 अमरीश कुमार सिंह डीन अकादमिक डॉ0 धर्मेंद्र कुमार सिंह, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 पंकज कुमार सिंह, यांत्रिकी विभाग के विभागाअध्यक्ष प्रो0 संजीत कुमार, सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 शांतनु इत्यादि मौजूद रहेंम्इस मौके पर खेल प्रभारी प्रो0 ओंकार शरद ने कहा कि आज से वार्षिक खेल की शुरुआत हो रही है.जिसमे क्रिकेट, कबड्डी तथा वॉलीबॉल की 10-10 टीमें हिस्सा ले रही है तथा इंडोर खेलों का आरंभ 14-3-2024 से किया जाना सुनिश्चित हैम्इसके अंतर्गत टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा






## गोदना से नवादा होते हुए सिरिसिया विरम परसा तक सड़क निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर, रिविलगंज(सारण)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जो गोदना से नवादा होते हुए सिरिसिया विरम परसा तक 902 किलोमीटर सड़क 6 करोड़ के लागत का कार्य शुभारंभ किया गया। सारण सांसद राजीव प्रताप के अनुशंसा पर हो रहे सड़क निर्माण से दो दर्जन गांव सहित टेकनिवास से सीधे प्रखण्ड मुख्यालय रिविलगंज जाने के लिए लोगो को बहुत राहत मिलेगा। मंगलवार को कार्य का शुभारंभ छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह समेत कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शूरु हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी, संचालन भाजपा के जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शेखर सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, गामा सिंह, शम्भूनाथ पांडेय,भाई वीरेन्द्र सिंह,मुखिया अजित सिंह,नागेंद्र राम,खैरवार मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, किसान मोर्चा के जीका उपाध्यक्ष ददन सिंह, अमित सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि मनोज सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद,उपमुखीयव मनु सिंह, सुशांत कुमार, अखिलेश सिंह, प्रियकांत कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण जनता शामिल रहे।

# सोनपुर में नोकझोंक व हंगामे के बीच हुई बीडीसी की बैठक



**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामुदायिक भवन में मंगलवार को आयोजित बीडीसी की बैठक तीखी नोकझोंक एवं हंगामे के बीच संपन्न हुई। प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायत के समिति सदस्य व उनके प्रतिनिधि,मुखिया,सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे । बैठक में उप प्रमुख रंजीत राय , बीडीओ ओरमा मोदी ,सीओ आदिति श्रुति, बीपीआरओ चंद्र भूषण सिंह ,सीडीपीओ स्वेता कुमारी, एमओ डॉ सौम्या सिंह , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अवधेश साह , मनरेगा पंचायत तकनीकी सहायक कन्हैया लाल शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी , आवास पर्यवेक्षक राकेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी नीरज कुमार ,भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी विजय कुमार मंडल ,जीविका अंकु प्रिया ,विधुत विभाग से हिमांशु नरायण , स्वच्छता पर्यवेक्षक खुर्शीद आलम ,पीएचडी जेई ,सीएलओ प्रमोद कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत के समस्याओं से उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि सबसे बड़ी समस्या वर्तमान में भूमि संबंधित समस्याओं है।हर पंचायत में शिविर लागकर जमाबंदी कायम करने की जरूरत है । कई पंचायत में नलजल में समयनुसार जल की सप्लाई नही होती हैं कई वार्ड में नलजल खराब हो गया है उसे मरम्मत करने की माँग की । जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा , मनरेगा, बिजली, स्वास्थ केंद्र में समयनुसार डॉ के उपस्थिति नही होना, जनवितरण प्रणाली में कम राशन वितरण होना,पशुपालन और आंगनबाड़ी सहित सरकार प्रायोजित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की गई और उनसे संबंधित शिकायत पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लाई गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में अनेक समस्याएं हैं जिसे विभागीय कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत में सड़क मार्ग निर्माण,आंगनबाड़ी निर्माण, आंगनवाड़ी में बच्चों को मिलने वाली पौष्टिक आहार में सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है। पंचायत में सौर ऊर्जा लगाने का भी मुद्दा उठाया गया । पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण, शौचालय निर्माण भुगतान में गड़बड़ी, आवास योजना में कमीशन ,सही लाभुकों को आवास नहीं उपलब्ध होना, भरपुरा में सड़क पर गंदे नाले की पानी बहाव होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी, सरकारी भूमि को अतिक्रमण करने, श्रमिकों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत नहीं करना एवं सबसे बड़ा आरोप जनप्रतिनिधियों ने लगाया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बिना चुमावन के कार्य नहीं करते हैं कर्मी ।यहां जन्म से लेकर मरने के बाद भी बिना चुमावन के कोई भी कार्य नही होता है । भरस्टाचार के भेंट चढ़ गया प्रखंड सह अंचल कार्यालय ।पंचायत क्षेत्र के जनसमस्याओं के निदान करने की माँग उपस्थित अधिकारियों से की । मौके पर सभी विभागों के अधिकारियों ने सभी मुद्दों को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मुखिया रामाशंकर प्रसाद राय ,बबलू सिंह, राजा सिंह ,अनिल राय ,अशोक राय ,समिति सदस्य प्रेमचंद सिंह, राहुल कुमार ,डॉ रणजीत सिंह, पंकज राय ,बम भोली राय, अशोक राय, अशोक शर्मा ,धर्मेंद्र सिंह, राकेश सिंह,चुन्नू,विकास सिंह,मंजू देवी,मितलेश्वरी देवी सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे ।

## हरिहरनाथ पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रक को किया जप्त, चालक गिरफ्तार

**सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने एक अवैध बालू लदे ट्रक को जप्त करते हुए मौके पर चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए हरिहरनाथ थानाध्यक्ष सवर्ण प्रिया ने मंगलवार को बतायी कि हरिहरनाथ सड़क मार्ग में एक अवैध बालू लदे ट्रक को जप्त करते हुए मौके पर दरियापुर थाना क्षेत्र के परसोना के ट्रक चालक सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## नायगांव पुलिस ने देसी शराब जप्त करते हुए एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने देसी शराब जप्त करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि शराब लेकर एक कारोबारी शराब बेचने जा रहा था इसी बीच पुलिस ने उसे पकड़ ली। जहां 20 लीटर देसी शराब को जप्त करते हुए कस्तूरीचक निवासी सिकंदर पासवान को गिरफ्तार कर लिया।

## अंग्रेजी शराब जप्त, एक युवक को रेल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन से लेकर एक आ रहे शराब कारोबार को आरपीएफ ने शराब को जप्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया । इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर खड़ी अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री उतरकर फुट ओवर ब्रिज के पास से जा रहा था जहां पुलिस ने पूछताछ की जहां उसकी बैग की तलाशी के दौरान बैग में रखे 30 पीस ऑफिसर चॉवाइस व्हिस्की 750 एमएल के 22.5 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त किया गया । जप्त अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 8460 /-है गिरफ्तार युवक वैशाली जिले के देसरी थाना के सहदेव बुजुर्ग के वार्ड नंबर 10 के स्वर्गीय जगदीश राम के पुत्र सरोज कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मशरक में फूसनुमा पलानी में लगी आग, नगदी समेत अन्य सामान जलें

**मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली कोठी गांव में फूसनुमा पलानी में आग लगने से 20 हजार नगदी समेत अन्य सामान जलकर राख हो जाने का मामला सामने आया। अग्निकांड पीड़ित बहरौली कोठी गांव निवासी लालती देवी पति महेश सहनी हैं। लालती देवी के फूसनुमा पलानी समेत उसमें रखा 20 हजार नगदी समेत अनाज, कपड़ा, बिछावन समेत 50 हजार की संपति जलकर राख हो गई।वहीं पड़ोसी छठू सहनी पिता सता सहनी का भूसा रखनें वाला बेढी और उसमें रखा गेहूं भी जलकर राख हो गया।आग खाना बनाने के बाद चूल्हे से उड़ी चिंगारी से लगीं हैं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। मामले में बताया गया कि चूल्हे पर खाना बनाने के बाद तेज पछुआ हवा से उड़ी चिंगारी से आग लग गई। आग के विकराल रूप को देखकर मौके पर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। मौके पर बहरौली मुखिया अजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित को सरकारी स्तर पर मुवाअजा दिलवाया जाएगा।

## मशरक जंक्शन पर एक स्टेशन एक उत्पाद का प्रधानमंत्री ने किया लोकार्पण




**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक स्टेशन एक उत्पाद का लोकार्पण किया। मशरक-थावे छपरा रेलखंड पर मशरक जंक्शन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल की शुरुआत हो गई। विडियो कांफ्रेंसिंग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक उत्पाद एक स्टेशन योजना के अंतर्गत मशरक, छपरा जंक्शन, छपरा कचहरी, एकमा एवं चैनवा रेलवे स्टेशनों पर फूड प्रोडक्ट् , सतू एवं मौसमी फलों का स्टाल लगाया गया है जिससे यात्रियों को स्टेशन पर पोषक अल्प आहार उपलब्ध हो रहा है। वही छपरा जंक्शन और एकमा स्टेशन पर विडियो कांफ्रेंसिंग का लाइव प्रसारण किया गया। महाराजगंज भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि रेल मंत्रालय भारत सरकार लोकल स्तर के उत्पाद को बढ़ावा देने, स्थानीय स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार प्रदान करने और हाशिए पर रहने वाले समाज के वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर उत्पन्न पैदा करने के उद्देश्य से एक स्टेशन एक उत्पाद योजना की शुरुआत की गयी हैं।

## खेत के जंगलों में लगीं भीषण आग, फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

**मशरक (सारण)।** मशरक के खजूरी गांव में असामाजिक तत्वों ने खेतो के जंगलों में आग लगा दी।आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने देखते ही देखते सूखे पेड़ पौधे को अपने चपेट में ले लिया और आवासीय परिसर की तरफ बढ़ने लगीं। मौके ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की पर आग के विकराल रूप को देखते हुए फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। मौके खजुरी गांव निवासी मदन सिंह ने बताया कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आग की चपेट में मुर्गी फॉर्म आ जाती जिससे लाखों रूपए की क्षति होती।

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में मारा ठोकर, सदर रेफर

**मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के महावीर चौक पर मंगलवार को ओवरटेक करने के चक्कर मे ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी । घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक मे भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गाँव निवासी कमलेश्वर राम का 16 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार हैं जो अपने घर से मशरक आ रहा था।

## शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन लाकर ही हम अपने समय और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं : कुलपति




**छपरा (दैनिक खोज खबर)।** मंगलवार को गंगा सिंह महाविद्यालय, छपरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के %विशेष शिविर% का उद्घाटन करते हुए जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रमेन्द्र कुमार वाजपेयी ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन लाकर ही हम अपने समय और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं। शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ हमारे अंदर सामुदायिक सेवा-भाव का विस्तार हो और सामाजिक कार्यों में हमारी सहभागिता सुनिश्चित हो, तभी हम अपने समय और समाज में सार्थक हस्तक्षेप कर पाएंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक और उद्घाटन-सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रो हरिश्चन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय से जुड़ी एनएसएस इकाई बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना अलग पहचान बना रही है। गंगा सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो डॉ मो अंज़र आलम ने आगत अतिथियों का स्वागत मोमेंटो, अंगवस्त्र और बुके देकर किया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए 12 से 18 मार्च 2024 तक चलनेवाले इस %विशेष शिविर% की रूपरेखा प्रस्तुत की। एनएसएस के इस विशेष शिविर का शुभारंभ आगत अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के कुलदेवता की प्रतिमा तथा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। आभार ज्ञापन डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर एनएसएस के पूर्व विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो वाचस्पति त्रिपाठी, महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य चंद्र झा और कई अन्य प्राध्यापक तथा 50 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्कूली बच्चो ने निकाली जागरूकता रैली




**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा जिला प्रशासन लगातार मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। सारण डीएम के निर्देश पर मशरक के उच्च एवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय शिक्षको के साथ विद्यालय के पोषक ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली । रैली में उत्साहित स्कूली बच्चे ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर मतदान जागरूकता नारा एवम संगीत से लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव को लेकर सारण डीएम के दिशा निर्देश में मशरक के प्लस टू उच्च विद्यालय मशरक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ,प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार उच्च माध्यमिक विद्यालय सह इन्टर कालेज मदारपुर और गुरुकुल उच्च विद्यालय हरपुरजान में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी लोगों को जागरूक करते हुए जागरूकता रैली निकालकर सभी छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने बताया कि लोकतंत्र का महापर्व मतदान आने वाले हैं और इसके लिए हम सभी को जागरुक करने निकले हुए हैं हम चाहते हैं कि लोकतंत्र की महापर्व में 18 वर्षो से अधिक हर उम्र का हर व्यक्ति हिस्सेदारी बने। उन्होंने हर व्यक्ति से अपील की और यह संदेश देने का प्रयास किया कि मतदान लोकतंत्र का एक महापर्व है और यदि हमें एक बेहतर लोकतंत्र का निर्माण करना है तो इसके लिए हमें मतदान का भागीदार बनना होगा। रैली विधालय के आस पास के गांव में मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाने और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने को जागरूक किया? गया।


## पहलेजाघाट पुलिस ने आईटीबीपी के साथ किया फ्लैग मार्च



**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** होली ,लोकसभा चुनाव व विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी में पूरी तरह जुट गया है।आईटीबीपी व पुलिस जवानों ने मिलकर लोस चुनाव को लेकर मंगलवार को थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया । जिसमें भारी संख्या में अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ,उमाशंकर राय रहे । इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पहलेजाघाट पुलिस व आईटीबीपी के जवानों ने थाना परिसर से निकलकर पहलेजाघाट कसमर मछली मंडी के रास्ते होते हुए सैदपुर ,कसमर बाजार, सैदपुर,चकदरिया ,नौडीहा , खरिका बाजार होते हुए बजरंग चौक तक फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से शांति कायम रखने और कानून ब्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की साथ ही संवेदनशील इलाकों का जायजा भी लिया। अपर पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बयाया कि कानून ब्यवस्था को मेंटेन करने के लिए और आम जनता के अंदर चुनाव को लेकर अमन शांति का विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।लोकसभा चुनाव व इलाके में विधि ब्यवस्था को ध्यान में रखते पुलिस लगातार विभिन्न संवेदनशील इलाकों में निगरानी कर रही है।

## रसूलपुर में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की भेंट चढ़ा नाला निर्माण

### निर्माण कार्य पूरा होने के पूर्व हीं नाले का स्लैब ध्वस्त



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)**–रसूलपुर पंचायत के वार्ड न॰ 6 में लाखों रूपये की लागत से बने नाला निर्माण का कार्य भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की भेंट चढ़ गया। कुछ हीं दिनों पूर्व बने नाले का स्लैब ध्वस्त होकर दुर्घटना को आमंत्रित करने लगा जिसमें ग्रामीण कृष्णा ठाकुर समेत कई लोग ध्वस्त स्लैब के कारण नाले में गिरकर चोटिल भी होकर घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल रहे हैं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके इस नाले का निर्माण कार्य अभी पुरा भी नहीं हुआ कि स्लैब ध्वस्त हो गया।नाला निर्माण की सबसे बड़ी अनियमितता तो तब सामने आयी जब नाला निर्माण कार्य शुरू होने के कई दिनों बाद तक ना तो निर्माण के संबंध में प्राकलन का बोर्ड लगाया गया और ना हीं कार्य प्रारंभ से कार्य समाप्ति की तिथि,ना हीं प्राकलन राशि का उल्लेख और ना हीं कहीं संवेदक का नाम उल्लेखित किया गया है जिससे स्थानीय लोगों में रोष है,ग्रामीणों का कहना है कि जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नाले का निर्माण कराया गया उस मंशा पर आज पानी फिरता नजर आ रहा है,क्योंकि निर्माण के समय गुणवता और निर्माण संबंधी प्राकलन की जांच नहीं की जाती जिससे ठेकेदारों द्वारा घटिया मेटेरियल का प्रयोग किया जाता है,जिससे कोई भी निर्माण कार्य पुरा होने के पूर्व हीं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधी मिथिलेश कुमार ने बताया कि ढ़लाई के तुरंत बाद हीं वाहनों के चलने से स्लैब ध्वस्त हो गया था जिसकी मरम्मत करा दी गयी है।

## मशरक में सड़क दुघर्टना में मृतक के आश्रित को सौंपा मुवाअजा चेक



**दैनिक खोज खबर,मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार और सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने कोपा में सड़क दुघर्टना में मृतक के आश्रित को चार लाख रूपए का मुवाअजा का चेक सौंपा। मौके पर सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने बताया कि सोनौली गांव निवासी फैज अहमद का बीते साल पहले सड़क दुघर्टना में ऑटो पलटने से कोपा में मौत हो जिसमें मृतक के आश्रित पत्नी को अंचल कार्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से चार लाख रुपए का चेक सौंपा गया।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक करकटनुमा घर व ट्रांसफार्मर जलकर हुआ नष्ट

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के जहांगीरपुर वार्ड संख्या एक के मध्य विद्यालय बतरौली स्थित ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट लगने के कारण उसके बगल में एक करकट नुमा मकान में आग लगने के कारण वहां पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया । जहां इस घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। खबर के जनकारी मिलते ही विभाग के कर्मी अग्निक धर्मेंद्र पासवान, सोहेल, मनीष, विनोद कुमार अग्निक चालक शशिकांत कुमार संतोषी ने पहुंचकर आग पर तो काबू पा लिया लेकिन गृह स्वामी कलावती देवी पति जगदीश पण्डित के घर में रखे चौकी, कुर्सी, खान-पान सामग्री ,बिछावन ,बर्तन, सहित अन्य समान व पैसा ,जेवर जलकर मंगलवार को नष्ट हो गया है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रांसफार्मर में आग लग गई जिसके कारण एक घर में आग लगने से घर के सामान जलकर नष्ट हो गया है।

## रसूलपुर में पशु चोरों का आतंक, दर्जनों मवेशी चोरी, ग्रामीण परेशान

### रविवार की रात भी पांच मवेशी चोरी,गोली मारकर तीन को किया घायल,नामजद प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पश्चिमी इलाके में सक्रिय मवेशी तस्करों व चोरों द्वारा दर्जनों गांव में पशुओं की चोरी की जा चुकी है लेकिन पुलिस आज तक किसी भी चोर का पता नहीं लगा पाई है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों में अत्यधिक रोष व्याप्त है।थाना क्षेत्र के जमनपुरा गांव में रविवार की देर रात रामप्रीत महतो के गौशाले से गाय व भैंस समेत कुल पांच मवेशियों की चोरों ने चोरी कर ली वहीं नींद खुलते हीं चोरों का पीछा करते रामप्रीत महतो समेत उनके दो पौत्र हैप्पी कुमार महतो और हनी कुमार महतो को चोरों ने लाठी डंडे से तथा गोली मारकर घायल कर दिया हालाँकि इस मामले में पीड़ित ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इसके कुछ हीं दिनों पूर्व एकमा विधायक श्रीकांत यादव के समधी टेसुआर गांव निवासी सुदामा यादव के दो भैंस चोरों ने चोरी कर ली थी जिसकी कीमत लगभग तीन लाख बताया जाता है वहीं एक पखवारा पूर्व खजूआन मठिया गांव निवासी परमेश्वर भारती की तीन गाय चोरों ने चोरी कर ली थी जिसका आज तक न तो पुलिस पता लगा सकी है और न ही पशु तस्करों या फिर किसी चोरों का पता लगा पायी है। टेसुआर गांव निवासी सुदामा यादव ने बताया कि उनकी भैंसे भी विगत सप्ताह पूर्व रात के अंधेरे में चुरा ली गयी थी,जिसकी तहरीर उसने थाने में देकर कार्रवाई की गुहार की थी। लेकिन लचर कार्यप्रणाली के चलते पुलिस आज तक किसी भी चोर का पता नही लगा सकी है, जिसके चलते पशु तस्कर और चोर और अधिक सक्रिय हो गये, लेकिन पशुपालकों की नींद उड़ गयी है और वे रात-रात भर जागकर अपने पशुओं की रखवाली कर रहे है।

# चापाकलों की मरम्मती के लिये प्रत्येक प्रखंड के लिये एक-एक मरम्मती दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- आगामी दो महीनों तक मरम्मती दल विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में करेगा चापाकलों की मरम्मती
- पीएचईडी के नियंत्रण कक्ष में दूरभाष संख्या 06152-244791 पर खराब चापाकलों के बारे में दे सकते हैं जानकारी




**दैनिक खोज खबर, छपरा।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी गर्मी के मद्देनजर चापाकलों की मरम्मती हेतु अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत सभी बीस प्रखंड के लिये एक-एक मरम्मती दल, कुल 20 मरम्मती दलों को अलग अलग वाहनों से जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आगामी दो महीनों तक यह मरम्मती दल सम्बद्ध प्रखंड एवं पंचायतों में आवश्यकतानुसार चापाकलों की मरम्मती सुनिश्चित करेगा। इसके अतिरिक्त भी आवश्यक होने पर मोटरसाइकिल से अतिरिक्त मरम्मती दल को भी भेजने हेतु तैयारी की गई है।

कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया है कि सारण जिला में कुल चापाकलों की संख्या 32492 है। इनमें 13323 चापाकल IM-II/III श्रेणी के हैं जो 60-80 फिट भू-जल स्तर तक कार्य करते हैं। 19169 चापाकल सिगूर/साधारण श्रेणी के हैं, जो 25 फिट भू-जल स्तर तक ठीक ठाक काम करते हैं।

फरवरी माह के अंत में जिला का औसत भू-जल स्तर 13 -05÷ दर्ज किया गया है। अधिकतम औसत भू-जल स्तर सोनपुर में 17 फिट एवं न्यूनतम औसत भू-जल स्तर तरैया प्रखंड का 11 -03÷ दर्ज है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06152-244791 पर कार्यालय अवधि में कोई भी व्यक्ति खराब चापाकलों के बारे में जानकारी/सूचना दे सकते हैं।

### कदाचारमुक्त होगी अध्यापक नियुक्ति (टीआरई-03) प्रतियोगिता परीक्षा

# परीक्षा के सफलतापूर्ण संचालन हेतु बनाये गये हैं 22 परीक्षा केन्द्र

- परीक्षा केन्द्रों पर जैमर, सी0सी0टी0वी0 सर्विलांस एवं अन्यर्थियों के बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन की होगी व्यवस्था



**दैनिक खोज खबर, छपरा** जिलाधिकारी सारण अमन समीर के द्वारा सर्किट हाउस सभागार में 15 मार्च को आयोजित हाने वाली अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (टीआरई-3.0) के सफल आयोजन हेतु सभी केन्द्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफ़िंग की गई। बताया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगी। प्रथम पाली 09¬30 बजे पूर्वाह्न से 12¬00 बजे मध्याह्न तक तथा द्वितीय पाली 02¬30 बजे अपराह्न से 05¬00 बजे अपराह्न तक होगी। इस परीक्षा में कुल-10476 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि परीक्षा को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गयी है। परीक्षा के स्वच्छ संचालन एवं विधि- व्यवस्था संधारण हेतु आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 28 स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक/ स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, 11 जोनल दण्डाधिकारी / जोनल पुलिस पदाधिकारी, 05 सुपर जोनल दण्डाधिकारी / सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व अपना प्रतिनियुक्ति स्थल ग्रहण कर लेंगे एवं परीक्षा के समाप्ति के बाद भी केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे।

परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचोपरांत उनके प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए आयोग द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर जैमर, सी0सी0टी0वी सर्विलांस, अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन आदि की व्यवस्था रहेगी ताकि परीक्षा को स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

सभी दण्डाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि वे परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग प्लान आयोग के द्वारा निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। सिटिंग प्लान को परीक्षा कक्ष के अलावा परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर भी प्रदर्शित करने का भी निदेश दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस चिट, चाकू माचिस, ब्लेड आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, जिसके सफल संचालन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी विशेष सर्तकता रखते हुए अपनी जवाबदेही निभाएंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

इस परीक्षा के अवसर पर सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष संख्या- 06152-242444 है। यह नियंत्रण कक्ष परीक्षा के दौरान प्रातः 07¬00 बजे से संध्या 06¬30 बजे तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभार में श्री अजित कुमार हरिजन, कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा, सारण रहेंगे।

## मखदुमपुर के एक युवक ने किया आत्महत्या, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के दूधाइला पंचायत के मखदुमपुर के एक व्यक्ति ने सोमवार को बनियापुर प्रखंड के सरैया पंचायत में कार्य कर रहे युवक नीरज सिंह ने मसरख में अपने किराए के मकान में फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली ।इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मसरख पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों तथा मनरेगा से संबंधित पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी। मृतक के पहचान सोनपुर के दूधाइला के मखदुमपुर के कमलदेव सिंह का पुत्र 35 वर्षीय नीरज कुमार सिंह के रूप में हुई ।इस घटना की सूचना मिलते ही मखदुमपुर में कोहराम मच गया। यहां के दुधइला पंचायत अंतर्गत मखदुमपुर के निवासी तथा मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार सिंह भोला ने मंगलवार को बताया की किस कारण से नीरज ने आत्महत्या की इसका कोई पता नहीं । उसके छोटे-छोटे एक बेटी तथा एक बेटा है। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया मंगलवार को अश्रुपूरित नेत्रों से उसकी अंतिम संस्कार किया गया पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज किया है।

## अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर, छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहुत की गई। बताया गया कि वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में इस अधिनियम के तहत 684 लाभुकों को लगभग 4.02 करोड़ रुपये के अनुदान का भुगतान किया गया है। साथ ही अद्यतन 48 लोगों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। इन सभी लोगों को फरवरी माह तक के पेंशन का भुगतान किया गया है।न्यायालय में गवाही देने जाने वाले लोगों को नियमानुसार यात्रा भत्ता का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने इस अधिनियम के तहत दर्ज वैसे मामले जिसमें घर के कमाऊ सदस्य की हत्या होने पर आश्रित को नौकरी देने का प्रावधान है, में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी,लोक अभियोजक सहित अन्य सदस्यगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सभी थाना प्रभारी जुड़े थे।

## गोपालगंज में बारात लगाने को लेकर लड़ाई..एक की पीटकर हत्या

### 2 लोगों पर फेंका एसिड; पहले से भी दोनों परिवारों में था विवाद

**गोपालगंज,एजेन्सी।** गोपालगंज में बारात की गाड़ी लगाने को लेकर शुरू हुई लड़ाई में एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं दो लोगों पर एसिड अटैक हुआ है। दोनों पक्षों से लोग घायल हुए हैं। घटना सोमवार रात की है।

बताया जा रहा है कि हथुआ के मछागर गांव के कप्तान साह और उनके पड़ोसी और वार्ड सदस्य वीरेश पूरी के बीच पुराना विवाद है। सोमवार रात धर्मेंद्र पूरी के घर बारात आई थी। इसी दौरान दोनों पक्षों में गाड़ी लगाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे।

इसमें कप्तान साह के साथ मारपीट की गई। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। परिजनों ने उसे तुरंत इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पूरे परिवार पर दूसरे पक्ष ने तेजाब फेंक दिया। मारपीट में मृतक कप्तान साह की पत्नी और दूसरे पक्ष से भी 2 लोग घायल हो गए हैं।

### दूसरे पक्ष पर फेंका तेजाब

कप्तान साह की हत्या के बाद मृतक के परिजनों ने वीरेश पूरी के दोनों बेटे मनीष और रितेश पर तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गए। उनके परिजनों ने उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टर ने स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया है।

# वैदिक ध्वनि व ऋचाओं से गुंजायमान हुआ पंचदेवरी

- पंचांग पूजन के बाद हुआ मंडप प्रवेश
- 21 मार्च तक चलेगा श्री गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ



**दैनिक खोज खबर, पंचदेवरी(गोपालगंज)।** पंचदेवरी प्रखंड के श्री राम जानकी मंदिर भाठवां में इन दिनों वातावरण धर्ममय बना है । जहां संत शिरोमणि बाबा विशंभर दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 11 आदिवासी श्री गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ की कलश शोभायात्रा के बाद दूसरे दिन मंगलवार को यज्ञशाला से जुड़े कर्मकांड पूर्ण किए गए । हरिद्वार से पधारे यज्ञाचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने बताया गया कि प्रथम सोपान में पंचांग पूजन कराया गया । इसके बाद मंगल स्लोक के साथ मंडप प्रवेश करने के बाद मंडप स्थित देवताओं का वास और स्थापन पूजन हुआ। इस दौरान संत शिरोमणि बाबा विशंभर दास जी महाराज के साथ यज्ञाचार्य व 71 वैदिक आचार्य मंडप परिक्रमा किया । बतादें कि आचार्य के निर्देशन में यह यज्ञ पंडाल को धार्मिक मान्यता अनुरुप विशेष साज सज्जा के साथ तैयार किया गया है । जो कि आकर्षण का केंद्र बनी हुई है । आयोजन का स्वरुप विराट होने से यहां पर विभिन्न दुकानें झूले के साथ विशाल मेला लगा गया है । दूसरी ओर श्रीमद् भागवत कथा के लिए बनारस से आए पुंडरीक जी महाराज व राम कथा का रस पान व कुमकुम मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है । वहीं रात्रि में अयोध्या धाम से आई रामलीला से लोग आनंद विभोर हो गए । यज्ञ समिति के सदस्य पूर्व मुखिया उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है । जिसमें पांच हजार से ज्यादा श्रोताओं को बैठने की व्यवस्था की गई है । अनुष्ठान भाव होने के चलते सभी तरह की व्यवस्थाओं को संपन्न करने के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है । मौके पर अर्धेन्दू बाबू , सर्वेश्वर दास, उपेन्द्र मिश्र, निराला बाबा, श्रीराम मिश्र, वशिष्ठ पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, रविरंजन श्रीवास्तव, धनंजय मिश्र, प्रदीप सिंह, संतोष दुबे, दिमागी मिश्र आदि थे ।

## पोषण जागरूकता रथ को जिलाधिकारी सारण द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**दैनिक खोज खबर, छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा पोषण जागरूकता रथ एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर सारण समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से सभी प्रखंडों में पोषण पखवाड़ा 2024 के समाप्ति तिथि दिनांक 23 मार्च 2024 तक आंगनबाड़ी केंद्र ,हाट बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर एलइडी वैन के द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विभाग द्वारा प्राप्त संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से कुपोषण को कम करने हेतु जन-जन को जागरूक किया जायेगा। कुमारी अनुपमा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, सारण द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा 2024 के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ एलईडी वैन के द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों को वीडियो संदेश के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। पोषण अभियान के जिला समन्वयक सिद्धार्थ सिंह द्वारा बताया गया कि प्रचार जागरूकता रथ द्वारा पौष्टिक आहार, स्वच्छता एवं साफ सफाई तथा गर्भवती और धात्री महिला को पौष्टिक आहार लेने संबंधी जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पोषण अभियान के जिला समन्वयक एवं जिला परियोजना सहायक ,महिला पर्यवेक्षिका एवं आईसीडीएस के कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## अखंड अष्टयाम हेतु भव्य कलशयात्रा निकली

**दैनिक खोज खबर, अमनौर(सारण)।** स्थानीय एचआर कॉलेज के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पांचवें स्थापना दिवस को लेकर आयोजित अखंड अष्टयाम हेतु भव्य कलशयात्रा निकली गई. मंगलवार को निकाली गई भव्य कलश यात्रा में जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व युवतियां लाल पीले रंग के परिधानों में सुसज्जित होकर माथे पर लाल रंग की चुनरी लपेटे कलश लेकर भगवान श्री राम व हनुमान के जयकारा लगाते व झुमते गाते आगे बढ़ रही थी. वहीं हाथी, बैंड बजा तथा डीजे के भक्तिमय धुनों से वातावरण गुंजायमान हो उठा. हाथों में भागवा झंडे लिए भक्तों ने वातावरण को भक्तिमय कर रहे थे. भव्य तरीके से निकली गई कलशयात्रा यज्ञ स्थल से होते हुए पुरे अमनौर बाजार का भ्रमण करते हुए स्थानीय पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा पहुँची जहाँ पुरे विधि विधान आचार्य मधुसूदन तिवारी तथा दुर्गा तिवारी के मंत्रोच्चारण के साथ कलश पुजन व जलभरी किया गया. जलभरी के बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंच पुजा पाठ के साथ अष्टयाम आरंभ किया गया. उक्त कलश यात्रा में मुख्य रूप से मंदिर के पुजारी विपिन मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिह, पूर्व मुखिया विजय कुमार विधार्थी, अशोक प्रसाद कुशवाहा, कन्हैया लाल कुशवाहा , मंटू कुमार, रविन्द्र प्रसाद, तारकेश्वर गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु भक्त शामिल थे ।

# इसुआपुर में बीडीसी की बैठक संपन्न



**दैनिक खोज खबर, इसुआपुर(सारण)।** हल्की गहमा गहमी के साथ इसुआपुर में बीडीसी की बैठक संपन्न हो गई. बैठक की अध्यक्षता प्रमुख मितेन्द्र प्रसाद यादव ने की .बैठक में कई विभागों के अधिकारीयों के नहीं आने से प्रमुख ने रोष प्रकट किया. वहीं बैठक में आए पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र के लिए योजनाओं को सदन के समक्ष रखा. बैठक में आए मनरेगा पदाधिकारी तथा एमओ से समिति सदस्यों ने कई तरह के सवाल किये. जिसका दोनों पदाधिकारी ने जवाब देकर सदस्यों को संतुष्ट किया है. बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि सभी सदस्य मेरे अपने हैं .तथा सभी सदस्यों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा. अगर किसी सदस्य को हमसे कोई दिक्कत या आपत्ति होगी तो खुलकर हमसे बात करेंगे. उन्होंने कहा कि सदन में सदस्यों द्वारा जो भी योजनाएं प्रस्तुत किए हैं उन्हें सर्ब समिति से पारित कर दिया गया है. बैठक में आए सदस्यों से बीडियो संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्र में अपने सभी कार्यो को यथाशीय पूर्ण करें. जितनी आवश्यकता होगी मैं मदद करूंगा. बैठक में उप प्रमुख मुनी देवी पीओ नीरज कुमार एमओ निकिता कुमारी, एलईओ संजय कुमार झा बिडब्लूओ रेशमी प्रकास बीएसओ संजय कुमार सिंह प्रखंड समन्वयक जितेंद्र कुमार बीएचएस संतोष रंजन समिति सदस्या बसंती देवी, राजनती देवी,सोनी श्रीवास्तव, कबूलन ठाकुर, शमशेर आलम, डॉ नंदकिशोर राय ,मुकेश चौरसिया ,रणधीर सिंह ,अनीता राम ,मनु राम ,श्रीकांत सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,नागेंद्र राय ने अपने-अपने क्षेत्र के लिए योजनाओं को रखा .वहीं बैठक में मुखिया विजय सिंह ,संजय बैठा ,मुखिया प्रतिनिधि दीनदयाल राय, रोहित कुशवाहा ,पन्नालाल राय मौजूद थे.

# जिलाधिकारी ने हर घर नल का जल एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की की समीक्षा

- संबंधित शिकायत टॉल फ्री नंबर 18001231121 या जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06152-244791 पर करा सकते हैं दर्ज



**दैनिक खोज खबर,छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी अमन समीर नेमुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं हर घर नल का जल योजना के अद्यतन प्रगति एवं क्रियाशीलता की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के संदर्भ में बताया गया कि सभी ग्रामीण वार्डों में चरणबद्ध ढंग से 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाना है। इस कार्य हेतु जिला में तीन एजेंसी को प्राधिकृत किया गया था। इसमें से एक ऐजेंसी कार्य से हट गई है। शेष कार्यरत दो एजेंसियों द्वारा अबतक 1240 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है। जिलाधिकारी ने एजेंसी के प्रतिनिधि को अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप प्रतिदिन सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का निदेश दिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दोनों एजेंसी के वेयरहाउस की जाँच सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही एजेंसी द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन के 7 दिनों के अंतर्गत आवश्यक जाँच की प्रक्रिया पूरी कर संबंधित एजेंसी को भुगतान सुनिश्चित कराने को कहा गया।

नल का जल की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया कि पूर्व से पीएचईडी के 804 वार्डों के अतिरिक्त पंचायतीराज विभाग से क्रियान्वित 3373 वार्डों की योजनाओं को मेंटेनेंस हेतु अधिग्रहित किया गया है।

पंचायतीराज विभाग से हस्तानांतरित योजनाओं में से 1750 पूर्ण रूप से क्रियाशील तथा 1285 योजनायें आंशिक रूप से क्रियाशील थीं। जिलाधिकारी ने आंशिक रूप से क्रियाशील शत प्रतिशत योजनाओं को 31 मार्च तक पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का निदेश दिया। बताया गया कि 871 योजनाएं बंद हालात में पीएचईडी को मिली थी।इनमें से 635 योजनाओं में लघु मरम्मती का कार्य कराकर उन्हें क्रियाशील किया गया।अन्य लघु मरम्मती योग्य योजनाओं को भी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से क्रियाशील करने का स्पष्ट निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। साथ ही वृहत मरम्मती की आवश्यकता वाली योजनाओं का डीपीआर तैयार करने को कहा गया।उपविकास आयुक्त को 15 दिनों के अंतर्गत कनीय अभियंता वार योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने नल जल योजना से संबंधित शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता से करने का निदेश दिया। बताया गया कि जनवरी माह से अबतक नल जल की योजना से संबंधित 291 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 263 शिकायतों का समाधान किया गया है।

### नल जल योजना के क्रियान्वयन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत इन दुरभाष संख्या पर दर्ज की जा सकती है

**टॉल फ्री नम्बर:** 18001231121
**जिला नियंत्रण कक्ष:** 06152-244791

जिलाधिकारी ने पंचायतवार वाटर टेबल की नियमित मोनिटरिंग सुनिश्चित करने का निदेश दिया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला पंचायतराज पादधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।